भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2040

(दिनांक 05.08.2021 को उत्तर के लिए)

'संघ लोक सेवा आयोग परीक्षाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण'

2040. श्रीमती फूला देवी नेतम:

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत के किन-किन राज्यों में 'राज्य सेवा परीक्षा' में महिलाओं को आरक्षण दिया गया है;

(ख) आरक्षण के प्रावधानों सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार 'राज्य सेवा परीक्षा' के अनुरूप संघ लोक सेवा परीक्षा में भी महिलाओं के आरक्षण का प्रावधान करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख) : भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची की 41वीं प्रविष्टि के आधार पर संबंधित राज्यों को राज्य लोक सेवाओं से संबंधित प्रावधानों को लागू करना आवश्यक है।

(ग) और (घ) : इस समय केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों और उनके संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों के पदों और सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

*****